ईंट भट्टा श्रमिकों के स्वास्थ्य, कल्याण व श्रम अधिकारों पर क्षेत्रीय कंसल्टेशन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सेंटर फॉर एडुकेशन एंड कम्युनिकेशन (सीईसी)द्वारा दो दिवसीय (27 - 28 जून 2022) क्षेत्रीय कंसल्टेशन का आयोजन होटल दयाल पैराडाइस लखनऊ उत्तरप्रदेश में किया गया। जिसका विषय था- भारत के ईंट भट्ठों में कार्यरत महिलाओं, बच्चों और श्रमिकों के स्वास्थ्य, पोषण और श्रम अधिकारों का संवर्धन! यह कंसल्टेशन उत्तर प्रदेश (मथुरा) और राजस्थान (अजमेर) के ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों और उनके परिवारों की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार के लिए 2021 से हक, सीईसी और सीएलआरए द्वारा संयक्त रूप से किए जा रहे प्रयासों के तहत एक प्रोजेक्ट के रूप में किया गया, जिसे तेरे देश होम्स (टीडीएच-जर्मनी) और जर्मन संघीय आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय (बीएमजेड) द्वारा प्राप्त समर्थन के अंतर्गत किया गया। जिसमें श्रमिक कार्यकता, ईंट भट्ठा मजदूर, ईंट भट्ठा मालिक, यूनियन नेता तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल श्रम विभाग के प्रतिनिधियों के भागीदारी की।

आयोजन के पहले दिन के सत्रारम्भ में सीईसी की कार्यकारी निदेशक लोकेश ने कंसल्टेशन के सम्पूर्ण उद्देश्य का संक्षिप्त संदर्भ रखते हुए ईंट भट्ठों पर काम करने वाले बच्चों व महिलाओं के पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला, तथा इस कार्यक्षेत्र में काम के अपने वर्षों के अनुभवों के आधार पर काम की परिस्थिति और सम्मानजनक काम के महत्व को उजागर किया! इसके उपरांत एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई जिसमें राज्य के ईंट भट्ठा मजदूरों और उनके परिवार की स्थिति को संयुक्तरूप से दिखाया गया! कार्यक्रम में हक़ संस्था की सह निर्माता और कार्यकारी निदेशक भारती अली ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के ईंट भट्ठों में किए गए एक शोध अध्ययन के निष्कर्षों को भी साझा किया।